VICTERS CLASS, 01/09/21
10th HINDI, Work sheet with notes
आई एम कलाम के बहाने

1, नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते ही मिहिर को क्यों अपना बचपन बहुत याद आया ?
उत्तर: नील माधव पांडा की 'आई एम कलाम' देखते ही मिहिर को अपना बचपन बहुत याद आया क्योंकि यह फिल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है । जिनसे उनके बचपन के सब किस्से बने थे ?

2, 'आई एम कलाम' फिल्म का नायक कलाम क्या काम करता है ?
उत्तर: 'आई एम कलाम' फिल्म का नायक कलाम चाय की थड़ी में काम करता है ।

3, कलाम (छोटू) का सपना क्या था ?
उत्तर: कलाम का सपना था स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालों वाले राष्ट्रपति कलाम-साबनना।

4, स्कूल जाने के संबंध में रणविजय का मनोभाव कैसा था ?
उत्तर: ढाणी के राणा का बेटा रणविजय स्कूल जाना पसंद नहीं करता था।

5, किस लेन-देन को लेकर कलाम और रणविजय के बीच दोस्ती हो जाती है ?
उत्तर: कलाम और रणविजय के बीच घुड़सवारी सीखने और पेड़ पर चढ़ना सिखाने के लेन-देन को लेकर दोस्ती हो जाती है।

6, 'लेकिन मेरे बचपन में ऐसा नहीं होता'- लेखक ऐसा क्यों कहता है ?
उत्तर: फिल्म में कलाम दिल्ली भी पहुँचता है और उसे अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका भी मिलता है। लेकिन लेखक के मित्र मोरपाल का स्कूल आठवीं के बाद छूट जाता है (छुड़वा दिया जाता है) और वह अपने पिता की तरह आज भी वहीं खेत मजूरी करता है।

7, 'कलाम की कहानी सौ में एक की कहानी है'- लेखक ऐसा क्यों कहते हैं ?
उत्तर: फिल्म में कलाम दिल्ली भी पहुँचता है और उसे अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका भी मिलता है। लेकिन लेखक के वास्तविक जीवन में जो गरीब मित्र हैं जिनकी पढ़ाई छुड़वी दी जाती है और वे आज भी अपने पिता के साथ खेत मजूरी करते हैं। कलाम की विजय की कहानी सौ में से एक की कहानी है ।

8,

कलाम	रणविजय
गरीब घर का लड़का था।	राजपरिवार का लड़का था।
स्कूल जाना सबसे बडा सपना था ।	स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता था।
चाय की दुकान में काम करता था।	अंग्रेजी स्कूल का छात्र था।

HW

9, सही मिलान करें।

- कलाम
- रणविजय

राष्ट्रपति कलाम सा बनना चाहता है।
घुडसवारी जानता है
स्कूल जाना कतई पसंद नहीं करता ।
अंग्रेज़ी जानता है।
दिल्ली पहुँचता है ।
सपना साकार होकर स्कूल जाता है ।

ക്ലാസ് കാണുന്നതിന്
https://youtu.be/I_A_3abLaz4